मेट्रो-3 पहले चरण का ट्रायल दिवाली पर

मुंबई(यशोडेस्क), कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो लाइन के तीसरे चरण का प्रोटोटाइप ट्रेन के माध्यम से आरे के कार शेड में ट्रायल रन चल रहा है, और पहले चरण का ट्रायल रन दिवाली पर शुरू होने की संभावना है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही है, इसलिए बीकेसी और आरे के बीच ट्रेन का परीक्षण शुरू किया जाएगा। वर्तमान में 8 मेट्रो एक्वा ट्रेनें आंध्र प्रदेश से आरे आ चुकी हैं। इस समय पहले चरण के ट्रेक के पूर्णता का काम शुरु है। दोनों तरफ ओवरहेड वायर को चार्ज किया जारहा है। दिसंबर तक पहला चरण शुरू करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन ट्रायल रन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। चूंकि इस प्रक्रिया को पूरा होने में 2 महीने और लगने की उम्मीद है।